# स्वच्छ पर्यावरण

**व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गंदे पानी** के बारे में कुछ तथ्य

## व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के रसोईघरों से होने वाले **प्रदूषण और बंद नालियों** की रोकथाम के बारे में **समस्त आवश्यक जानकारी**

### आपकी नाली में क्या बह रहा हैं?

व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के रसोईघरों की नालियाँ तेल,ग्रीस तथा अन्य वजह से सहज ही अवरुद्ध हो जाती हैं। इसके चलते पानी बाहर नहीं निकल पाता और वह रसोईघर तथा आम परिसरों में भर जाता है। बंद नालियों की सफाई और उससे हुए नुकसान की मरम्मत करवाना बहुत ही खर्चीला कार्य है – इसलिए प्रारंभिक स्तर पर गंदगी को जमा होने से रोकने में ही समझदारी है।

### समस्या का मूल कारण क्या है?

कड़ाहियों (पैन) और प्लेटों से धुलकर आई ग्रीस धीरे-धीरे सीवर में जमा होती जायेगी और अन्तत: उसे पूरी तरह अवरुद्ध कर सकती है। तेल से भी अवरोध पैदा होता है क्योंकि यह सीवर में जाकर जमा हो जायेगा। जब कोई जूठन सिंक के रास्ते से नीचे चली जाये तो समस्या और भी गहरी हो जायेगी।

### इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

### कहीं आप तो नहीं!

यदि नाली किसी प्राइवेट मकान या व्यावसायिक परिसरों की हो, तो उसे साफ़ करने का खर्चा मालिकों या वहाँ रहने वाले लोगों को उठाना पड़ेगा। यदि अवरोध सार्वजनिक सीवर में हो, तो उसकी सफाई स्कॉटिश वाटर द्वारा की जायेगी।

अवरुद्ध सीवर की सफ़ाई करना खर्चीला हो सकता है, क्योंकि सीवर की खुदाई करके नई सीवर लाइन बिछानी पड़ सकती है। यदि किसी रेस्टोरेंट, टेक-अवे (दुकान या रेस्टोरेंट जहाँ से बना हुआ खाना लेकर कहीं और खाया जाए) या कोई अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान इस अवरोध के लिए ज़िम्मेदार पाया जाये तो हम सफ़ाई पर होने वाले खर्चे की भरपाई सीधे उन्हीं से करेंगे। यह खर्चा कुछ सौ पाउंड से लेकर 1000 पाउंड से भी अधिक हो सकता है।

सीवर की सफाई के लिए कोई भी व्यक्ति खर्च नहीं करना चाहता। अत: व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के रसोईघरों में कार्यरत समस्त सटाफ को समझाना चाहिए कि नालियों को अवरुद्ध होने से बचाने के लिए उन्हें क्या-क्या एहतियात बरतनी चाहिए। यदि आप इस लीफ़लेट में उल्लिखित साधारण सलाह का अनुसरण करें तो यह सुनिश्चित है कि नालियाँ कभी बंद नहीं होंगी।

### क्या ग्रीस रोकने वाले ट्रैप से मदद मिल पायेगी?

ग्रीस रोकने वाले ट्रैप आपकी नालियों को तेल और ग्रीस से बचाता है, हालाँकि यह समुचित रूप से तभी कार्य कर पायेगा जब आप निम्नलिखित बातों की ओर ध्यान दें:

- ग्रीस रोकने वाले ट्रैप का आकार काफी बड़ा होना चाहिए – कम से कम सिंक के पाइप के आकार से दुगुना।
- ट्रैप की ग्रीस नियमित रूप से साफ की जाये। यह इस्तेमाल के आधार पर सप्ताह में एक बार अथवा महीने में एक बार होनी चाहिए। ग्रीस को स्किप में रखें या एकत्रित करके रखें। सफाई के बाद, ट्रैप में ठण्डा पानी पुन: भरें अन्यथा यह समुचित रूप से काम नहीं करेगा।
- ग्रीस ट्रैप में उबलता पानी न डालें – इससे फँसी हुई ग्रीस तो छूट जायेगी लेकिन नीचे नालियों में जाकर ठण्डी होकर और जाम हो जायेगी।
- यदि आपके यहाँ बरतन धोने की मशीन हो, तो कृपया सुनिश्चित करें कि इसका गंदा पानी इस ग्रीस ट्रैप में न जाये। बरतन धोने की मशीन में पानी इतना गर्म होता है कि उससे ट्रैप में लगी ग्रीस धुलकर सीवर में चली जाती है।

SCOTTISH WATER

ग्रीस ट्रैप लगे होने के बावजूद भी आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि सिंक में तेल कभी न डालें क्योंकि ट्रैप अधिक मात्रा में तेल को रोक नहीं पाता।

यदि आपको ग्रीस ट्रैप की आवश्यकता हो तो कृपया 0845 601 8855 पर हमारी **कस्टमर हेल्प लाइन** पर सम्पर्क करें और ट्रेड एफ्लुएट क्वालिटी टीम के सदस्य से मिलें।

## मैसरेटर्स के बारे में क्या राय है?

फूड मैसरेटर्स अवशिष्ट को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ देते हैं, जिससे वह नाली में बहकर जा सकते हैं। यह टुकड़े बहकर सीवर में चले जाते हैं, जिससे खाने और खाद्य पदार्थों की मात्रा सीवर में बढ़ जाती है इससे आपके रसोईघर की नालियों के बंद होने की संभावना बहुत रहती है। अत: हम रसोईघर में फूड मैसरेटर्स के इस्तेमाल की सिफारिश नहीं करते।

## रसोईघर के कामगारों के लिए सूचना

**कड़ाही की धुलाई**
जब बर्तन और कड़ाहियों की सफाई की जाती है तो थोड़ा बहुत भी तेल सिंक में नहीं जाना चाहिए। कड़ाही में बचा हुआ तेल या ग्रीस पहले किसी टिन में उड़ेला जाए अथवा उसे रगड़कर साफ किया जाए।

**खाद्य तेल के टिन में अवशिष्ट तेल**
यदि आप तेल-युक्त भोजन, (डिब्बाबंद मछली, मांस अथवा जैतून आदि) का इस्तेमाल करें तो कृपया सुनिश्चित कर लें कि तेल सिंक में न जाए बल्कि उसे डिब्बे में निकालकर रख लें।

**अवशिष्ट भोजन**
अवशिष्ट भोजन के टुकड़ों और सब्जियों के छिलकों को नालियों से दूर रखें। कुछ कचरा छनकर नीचे चला भी जाये तो उसे रोकने के लिए प्लग छेदों को जाली से बंद कर दें। सुनिश्चित करें कि हरेक व्यक्ति को यह ज्ञात हो कि चावल, सब्जी के छिलके आदि सहित अवशिष्ट भोजन सिंक में न डाला जाए बल्कि उसे इकट्ठा करके कूड़ेदान में डाला जाए।

## खाद्य तेल को कभी भी सिंक अथवा नाली में न डालें

ग्रीस से होने वाले अवरोधों का यह सबसे आम कारण है। आपके रसोईघर में काम करने वाले सभी लोगों को इसकी जानकारी अवश्य होनी चाहिए। जब कोई नया व्यक्ति रसोईघर में काम करना शुरू करे तो उसे खुलासा करके बताया जाना चाहिए कि तेल तथा ग्रीस को सही ढंग से कैसे साफ किया जाए।

## तेल तथा ग्रीसयुक्त पदार्थों का सुरक्षित निपटान

अवशिष्ट तेल तथा ग्रीसयुक्त पदार्थों को कसकर बंद किए डिब्बे में साफ-सुथरी जगह पर रखें। इन्हें आम कचरा पात्र में कभी न डालें क्योंकि इससे वाहनों के कंप्रेशन गीयर में ख़राबी आ सकती है।

इसके बदले चाहें तो, कृपया हमारे **कस्टमर हेल्पलाइन** पर फोन करें अथवा हमारे वेस्ट सर्विसेज़ सेक्सन से सम्पर्क करें।

वैकल्पिक रूप से, आप किसी पंजीकृत कचरा कंपनी से संपर्क करें जो अवशिष्ट तेल अथवा ग्रीसयुक्त पदार्थों को एकत्र करेगी। अपने निकट स्थित कंपनी की जानकारी पाने के लिए कृपया येलो पेजेज देखें।

यह पुस्तिका वैकल्पिक प्रारूपों में भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा सकती है। टेक्स्टफ़ोन प्रयोक्ता कृपया **0845 603 8855** पर कॉल करें।

ब्रेल, बड़े अक्षरों, ऑडियो टेप और अनेक अन्य भाषाओं की पुस्तिका के बारे में जानकारी के लिए कृपया **0845 606 8855** पर कॉल करें।

हमसे संपर्क करते समय कृपया संदर्भ कोड **SWTECK 10/05** का उल्लेख करें

## अधिक जानकारी के लिए

यदि आपको और अधिक जानकारी की आवश्यकता है तो कृपया संपर्क करें:
फोन के ज़रिये **0845 601 855** पर हमारी **कस्टमर हेल्पलाइन** से,
हमारी वेबसाइट **www.scottishwater.co.uk** देखें,
अथवा **Scottish Water, PO Box 8855, Edinburgh, EH10 6YQ** पर पत्र लिखें

जल आपूर्ति, जल निकास अथवा प्रदूषण के ख़तरे से संबंधित आपातकालीन संकट की रिपोर्ट **तुरंत** देने के लिए हमारी **आपातकालीन हेल्पलाइन 0845 600 8855** पर फोन करें।